Daink Bhaskar (Indore), 26th March 2026, P- 05

IIT इंदौर में 3 नए कोर्स शुरू, यूजी में 80 सीटें बढ़ी

बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, सस्टेनेबल इंजीनियरिंग और एप्लाइड केमिस्ट्री में बना सकेंगे करियर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), इंदौर ने एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए अपने कोर्स पोर्टफोलियो में महत्वपूर्ण विस्तार किया है। इस सत्र से तीन नए मल्टीडिसिप्लिनरी कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। प्रबंधन के अनुसार, ये कोर्सेस मौजूदा दौर की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जिनमें पर्यावरण, डेटा साइंस और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं (हेल्थकेयर) पर खास फोकस रहेगा। इनमें एप्लाइड एंड इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री में बैचलर ऑफ साइंस, एनवायरमेंटल इकोनॉमिक्स एंड सस्टेनेबल इंजीनियरिंग में बीटेक और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड डेटा साइंस में बीटेक शामिल हैं। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस. जोशी का कहना है कि ये प्रोग्राम छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

किस कोर्स में क्या खास

1. बीएस इन एप्लाइड एंड इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री (4 साल)

यह कोर्स सिर्फ लैब तक सीमित नहीं है। इसमें केमिस्ट्री के साथ-साथ इंजीनियरिंग और कंप्यूटर के इस्तेमाल को भी सिखाया जाएगा।

फोकस: एआई, दवाइयां (फार्मा) और नई तरह की एनर्जी पर रिसर्च।

सीटें: इस कोर्स में 20 सीटें होंगी।

2. बीटेक इन एनवायरमेंटल इकोनॉमिक्स एंड सस्टेनेबल इंजीनियरिंग

यह कोर्स उन लोगों के लिए है जो पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ इंजीनियरिंग की बारीकियां सीखना चाहते हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन और पानी के इस्तेमाल जैसे विषयों पर पढ़ाई होगी।

फोकस: इंजीनियरिंग के साथ-साथ पर्यावरण और अर्थशास्त्र का तालमेल।

सीटें: इस कोर्स के लिए 30 सीटें रखी गई हैं।

3. बीटेक इन बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड डेटा साइंस

आजकल स्वास्थ्य के क्षेत्र में डेटा और टेक्नोलॉजी का बड़ा रोल है। यह कोर्स मेडिकल उपकरणों और डेटा के जरिये इलाज के नए तरीकों पर आधारित है।

फोकस : स्मार्ट डिवाइस और एआई के जरिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं।

सीटें : इसमें भी 30 सीटें उपलब्ध होंगी।

जेईई की मेरिट से मौका- इन तीनों कोर्सेस में एडमिशन जेईई एडवांस्ड की मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे। बारहवीं (पीसीएम) में कम से कम 75% अंक लाने वाले छात्र इन कोर्सेस के लिए पात्र होंगे।